उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शरीर की ऊँचाई एक सौ पचास धनुष थी।

प्रश्न 1395. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म कहाँ हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म चन्द्रपुर नगर में हुआ था।

प्रश्न 1396. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का चिन्ह क्या हैं ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का चन्द्रमा चिन्ह है।

प्रश्न 1397. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म कौन सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म पौष कृष्णा ग्यारस को हुआ था।

प्रश्न 1398. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म अनुराधा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1399. भगवान श्री चन्द्रप्रभु की जन्म राशि कौन-सी थी ?

उत्तर– भगवान श्री चन्द्रप्रभु की जन्म राशि वृषभ थी।

प्रश्न 1400. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का कुमार काल ढाई लाख वर्ष पूर्व का था।

प्रश्न 1401. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म कौन से वंश में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का जन्म इक्ष्वाकु वंश में हुआ था।

प्रश्न 1402. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को वैराग्य कैसे हुआ ?

उत्तर– अध्रुवादि भावनाओं के चिंतवन करने से हुआ था।

प्रश्न 1403. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का दीक्षा कल्याणक कौन-सी तिथि में हुआ था ?

उत्तर– पौष कृष्णा ग्यारस को हुआ था।

प्रश्न 1404. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का दीक्षा कल्याणक कौन से नक्षत्र में हुआ था।

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का दीक्षा कल्याणक अनुराधा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1405. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा कौन से वन में हुई थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा सर्वार्थ नाम के वन में हुई थी।

प्रश्न 1406. श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने कितने दीक्षोपवास किये ?

उत्तर– दो दीक्षोपवास किए थे।

प्रश्न 1407. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा किस समय हुई थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा अपरान्ह काल में हुई थी।

प्रश्न 1408. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा कौन से नगर में हुई थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा चन्द्रपुर नगर में।

प्रश्न 1409. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा किस वृक्ष के नीचे हुई थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा नाग वृक्ष के नीचे हुई थी।

प्रश्न 1410. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा पालकी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की दीक्षा पालकी का नाम विमला था।

प्रश्न 1411. श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने एक हजार राजाओं के साथ दीक्षा ली थी।

प्रश्न 1412. श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने कितने समय तक तप किया ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने तीन महीने तक तप किया।

प्रश्न 1413. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का प्रथम आहार किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का प्रथम आहार नलिनपुर नगर में हुआ था।

प्रश्न 1414. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को प्रथम आहार किसने दिया था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को प्रथम आहार राजा सोमदत्त ने दिया था।

प्रश्न 1415. श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने किस वस्तु का आहार लिया था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने दूध की खीर का आहार लिया था।

प्रश्न 1416. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान कौन सी तिथि को हुआ ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान फाल्गुन कृष्णा सप्तमी को हुआ था।

प्रश्न 1417. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान किस समय हुआ ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान अपरान्ह काल में हुआ था।

प्रश्न 1418. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान कहाँ हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान सर्वार्थवन में हुआ था।

प्रश्न 1419. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान किस नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान अनुराधा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1420. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को केवलज्ञान नागवृक्ष के नीचे हुआ था।

प्रश्न 1421. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का समवशरण कितना विस्तरित था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का समवरण साढ़े आठ योजन विस्तरित था।

प्रश्न 1422. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का केवली काल कितने वर्षो का था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का केवलीकाल एक लाख पूर्व में चौबीस पूर्वांग तथा तीन मास कम था।

प्रश्न 1423. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शासन यक्ष का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शासन यक्ष का नाम विजय देव था।

प्रश्न 1424. श्री चन्द्रप्रभु भगवान की शासन देवी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान की शासन देवी का नाम मनोवेगा (अपर नाम ज्वालामालिनी) था।

प्रश्न 1425. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शासन देव क्षेत्रपालों के नाम क्या थे ?

उत्तर– 1. श्री सोमकांति, 2. श्री रविकांति, 3. श्री शुभ्रकांति, 4. श्री हेमकांति थे।

प्रश्न 1426. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में गणधरों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में तिरानवे गणधर थे।

प्रश्न 1427. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के प्रमुख गणधर का नाम क्या था।

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के प्रमुख गण्धर का नाम श्री वैदर्भ (दत्त) था।

प्रश्न 1428. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में ऋषियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में ऋषियों की संख्या दो लाख पचास हजार थी।

प्रश्न 1429. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में पूर्वधर मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में चार हजार पूर्वधर मुनि थे।

प्रश्न 1430. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में शिक्षक मुनि कितने थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में दो लाख दस हजार चार सौ शिक्षक मुनि थे।

प्रश्न 1431. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में अवधि ज्ञानी मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में दो हजार अवधि ज्ञानी मुनि थे।

प्रश्न 1432. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितने केवली थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में अठारह हजार केवली मुनि थे।

प्रश्न 1433. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितने विक्रिया धारी मुनि थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में छह सौ विक्रिया धारी मुनि थे।

प्रश्न 1434. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में विपुलमति ज्ञानधारी मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में आठ हजार विपुलमति ज्ञान धारी मुनि थे।

प्रश्न 1435. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितने वादी मुनि थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में सात हजार वादी मुनि थे।

प्रश्न 1436. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितनी आर्यिकायें थीं ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में तीन लाख अस्सी हजार आर्यिकायें थीं।

प्रश्न 1437. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में प्रमुख आर्यिका कौन थीं।

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में वरुण श्री आर्यिका जी प्रमुख थीं।

प्रश्न 1438. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितने श्रावक थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में तीन लाख श्रावक थे।

प्रश्न 1439. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में कितनी श्राविकायें थीं ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान में समोशरण में पाँच लाख श्राविकायें थीं।

प्रश्न 1440. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता कौन थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण में माधव जी प्रमुख श्रोता थे।

प्रश्न 1441. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष कौन सी तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष फाल्गुन शुक्ला सप्तमी को हुआ था।

प्रश्न 1442. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष किस समय हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष पूर्वान्ह काल में हुआ था।

प्रश्न 1443. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष किस नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष ज्येष्ठा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1444. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष किस स्थान से हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष श्री सम्मेदशिखर जी से हुआ था।

प्रश्न 1445. श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष किस कूट से हुआ था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान को मोक्ष ललित कूट से हुआ था।

प्रश्न 1446. श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने मोक्ष कितने मुनियों के साथ प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान ने एक हजार मुनियों के साथ मोक्ष प्राप्त किया।

प्रश्न 1447. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का योग निवृत्तिकाल कितना था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का योग निवृत्तिकाल एक माह रहा।

प्रश्न 1448. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघपति का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले श्री ललित दत्त जी थे।

प्रश्न 1449. श्री चन्द्रप्रभु भगवान किस आसन से मोक्ष गये हैं ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान खड्गासन से मोक्ष गये।

प्रश्न 1450. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के कितने अनुबद्ध केवली थे ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के चोरासी अनुबद्ध केवली थे।

प्रश्न 1451. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के कितने शिष्यों ने अनुत्तर विमानों को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के बारह हजार मुनियों ने अनुत्तर विमानों को प्राप्त किया।

प्रश्न 1452. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के कितने शिष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शिष्य दो लाख चौंतीस हजार मुनियों ने मोक्ष को प्राप्त किया।

प्रश्न 1453. श्री चन्द्रप्रभु भगवान के कितने शिष्यों ने पहले स्वर्ग से लेकर ग्रैवेयक तक के स्वर्गों को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान के शिष्य चार हजार मुनियों ने पहले स्वर्ग से लेकर ग्रैवेयक तक के स्वर्गो को प्राप्त किया।

प्रश्न 1454. श्री चन्द्रप्रभु भगवान का तीर्थ प्रर्वतन काल कितने वर्षों का था ?

उत्तर– श्री चन्द्रप्रभु भगवान का तीर्थ प्रवर्तनकाल नब्बे करोड़ सागर चार पूर्वांग का था।

9

भगवान श्री पुष्पदंत जी

प्रश्न 1455. नोवें तीर्थंकर का नाम क्या है ?

उत्तर– नोवें तीर्थंकर का नाम श्री पुष्पदंत जी है।

प्रश्न 1456. श्री पुष्पदंत जी भगवान जी का दूसरा नाम क्या हैं ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का दूसरा नाम श्री सुविधिनाथ जी है।

प्रश्न 1457. श्री पुष्पदंत जी भगवान का चिन्ह कौन सा है ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का चिन्ह् मगर है।

प्रश्न 1458. श्री पुष्पदंत जी भगवान का पूर्व पर्याय का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की पूर्व पर्याय का नाम राजा महापद्म था।

प्रश्न 1459. भगवान श्री पुष्पदंत जी ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध कौन सी पर्याय में किया ?

उत्तर– भगवान श्री पुष्पदंत जी ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध महापद्म की पर्याय में किया।

प्रश्न 1460. भगवान श्री पुष्पदंत जी के पूर्व भव के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– भगवान श्री पुष्पदंत जी के पूर्व भव के पिता जुगंधर थे।

प्रश्न 1461. भगवान श्री पुष्पदंत जी के पूर्व भव के दीक्षा गुरु कौन थे ?

उत्तर– भगवान श्री पुष्पदंत जी के पूर्व भव के दीक्षा गुरु सर्वजानंद थे।

प्रश्न 1462. श्री महापद्म किस देश के राजा थे ?

उत्तर– श्री महापद्म पुष्कलावती देश के राजा थे।

प्रश्न 1463. श्री महापद्म किस नगर के राजा थे।

उत्तर– श्री महापद्म पुंडरीकिणी नगरी के राजा थे।

प्रश्न 1464. पुंडरीकिणी नगर कहाँ है ?

उत्तर– पूर्व पुष्पकरार्ध के पूर्व विदेह में पुष्कलावती देश के आर्य खंड में पुंडरीकिणी नगर है।

प्रश्न 1465. श्री पुष्पदंत जी भगवान कहाँ से गर्भ में आये थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान आरण स्वर्ग से गर्भ में आये थे।

प्रश्न 1466. भगवान श्री पुष्पदंत जी की पूर्व भव की देव आयु कितनी थी ?

उत्तर– भगवान श्री पुष्पदंत जी की पूर्व भव देव आयु 20 सागर थी।

प्रश्न 1467. श्री पुष्पदंत जी भगवान के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के पिता का नाम राजा सुग्रीव था।

प्रश्न 1468. श्री पुष्पदंत जी भगवान की माता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की माता का नाम श्रीमती जयरामादेवी था।

प्रश्न 1469. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने किस नगरी में जन्म लिया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने काकंदी नगरी में जन्म लिया था।

प्रश्न 1470. श्री पुष्पदंत जी भगवान का गर्भकल्याणक किस तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का गर्भकल्याणक फाल्गुन कृष्णा नौमी को हुआ था ?

प्रश्न 1471. श्री पुष्पदंत जी भगवान का गर्भकल्याणक किस नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का गर्भकल्याणक मूल नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1472. श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म किस तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म मगसिर शुक्ला एकम् तिथि को हुआ था।

प्रश्न 1473. श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म कल्याणक किस नक्षत्र में हुआ था।

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म कल्याणक मूल नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1474. श्री पुष्पदंत जी भगवान की जन्म राशि कौन सी थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की जन्म राशि धनु थी।

प्रश्न 1475. श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म किस वंश में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का जन्म इक्ष्वाकु वंश में हुआ था।

प्रश्न 1476. श्री पुष्पदंत जी भगवान की आयु कितनी थी।

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की आयु दो लाख वर्ष पूर्व की थी।

प्रश्न 1477. श्री चंद्रप्रभु जी भगवान के मोक्ष जाने के कितने समय बाद श्री पुष्पदंत भगवान का जन्म हुआ ?

उत्तर– श्री चंद्रप्रभु जी भगवान के मोक्ष जाने के नब्बे करोड़ सागर बीत जाने के बाद श्री पुष्पदंत भगवान का जन्म हुआ।

प्रश्न 1478. श्री पुष्पदंत जी भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का कुमार काल पचास हजार पूर्व वर्ष का था।

प्रश्न 1479. श्री पुष्पदंत जी भगवान के शरीर की ऊँचाई कितनी थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के शरीर की ऊँचाई एक सौ धनुष थी।

प्रश्न 1480. श्री पुष्पदंत जी भगवान का वर्ण कौन सा था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का वर्ण श्वेत था।

प्रश्न 1481. श्री पुष्पदंत जी भगवान का राज्य काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का राज्य काल पचास हजार वर्ष पूर्व अट्ठाईस पूर्वांग था।

प्रश्न 1482. श्री पुष्पदंत जी भगवान को वैराग्य किस कारण हुआ ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को वैराग्य उल्कापात देखकर हुआ था।

प्रश्न 1483. श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा तिथि कौन सी थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा तिथि मंगसिर शुक्ला एकम् थी।

प्रश्न 1484. श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा कौन से नक्षत्र में हुई थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा अनुराधा नक्षत्र में हुई थी।

प्रश्न 1485. श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा कौन से वन में हुई थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा पुष्पक वन में हुई थी।

प्रश्न 1486. श्री पुष्पदंत जी भगवान के दीक्षोपवास की संख्या कितनी थी?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के दीक्षोपवास की संख्या दो उपवास थी।

प्रश्न 1487. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने दीक्षा किस समय ली ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने दीक्षा अपरान्ह काल में ली थी।

प्रश्न 1488. श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा पालकी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा पालकी का नाम सूर्यप्रभा था।

प्रश्न 1489. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने एक हजार राजाओं के साथ दीक्षा ली।

प्रश्न 1490. श्री पुष्पदंत जी भगवान के पुत्र का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के पुत्र का नाम श्री सुमति था।

प्रश्न 1491. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने किस वृक्ष के नीचे दीक्षा ली।

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने नाग वृक्ष के नीचे दीक्षा ली।

प्रश्न 1492. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने कितने वर्ष तक तप किया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने चार वर्ष तक तप किया।

प्रश्न 1493. श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा किस नगर में हुई ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की दीक्षा काकंदी नगर में हुई थी।

प्रश्न 1494. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने किस नगर में प्रथम आहार लिया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान ने प्रथम आहार शैलपुर नगर में लिया था।

प्रश्न 1495. श्री पुष्पदंत जी भगवान ने सर्वप्रथम आहार किस वस्तु का किससे लिया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के प्रथम आहार दाता राजापुष्प मित्र थे और उनसे खीर का आहार लिया।

प्रश्न 1496. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान किस तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान कार्तिक शुक्ला दोज को हुआ।

प्रश्न 1497. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान किस नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदत जी भगवान को केवलज्ञान मूल नक्षत्र में हुआ।

प्रश्न 1498. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान किस समय हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान अपरान्ह काल में हुआ।

प्रश्न 1499. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान बहेड़ा वृक्ष के नीचे हुआ।

प्रश्न 1500. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान कहाँ हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान पुष्पक वन में हुआ था।

प्रश्न 1501. श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को केवलज्ञान काकदी नगर मे हुआ था।

प्रश्न 1502. श्री पुष्पदंत जी भगवान के शासन देव का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के शासन देव का नाम श्री अजित यक्ष था।

प्रश्न 1503. श्री पुष्पदंत जी भगवान की शासन देवी का नाम क्या है ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान की शासन देवी का नाम महाकाली देवी है।

प्रश्न 1504. श्री पुष्पदंत जी भगवान के शासन देव क्षेत्रपालों के नाम क्या हैं ?

उत्तर– 1. श्री वज्रकांति, 2. वीर कांति, 3. विष्णु कांति, 4. चंद्र कांति।

प्रश्न 1505. श्री पुष्पदंत जी भगवान का समोशरण कितना विस्तरित था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का समोशरण आठ योजन विस्तरित था।

प्रश्न 1506. श्री पुष्पदंत जी भगवान का केवली काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का केवलीकाल एक लाख पूर्व में 28 पूर्वांग 4 वर्ष कम था।

प्रश्न 1507. श्री पुष्पदंत जी भगवान के कितने गणधर थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के अट्ठासी गणधर थे।

प्रश्न 1508. श्री पुष्पदंत जी भगवान के प्रमुख गणधर का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के प्रमुख गणधर श्री विदर्भ जी थे।

प्रश्न 1509. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता श्री युद्धवीर्य जी थे।

प्रश्न 1510. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितने ऋषि थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में दो लाख ऋषि थे।

प्रश्न 1511. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में पूर्वधर मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में एक हजार पाँच सौ पूर्वधर मुनि थे।

प्रश्न 1512. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में शिक्षक मुनि कितने थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में एक लाख पचपन हजार पाँच सौ शिक्षक मुनि थे।

प्रश्न 1513. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में अवधिज्ञानी मुनि कितने थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में आठ हजार चार सौ अवधिज्ञानी मुनि थे।

प्रश्न 1514. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितने केवली मुनि थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में सात हजार पाँच सौ केवली मुनि थे।

प्रश्न 1515. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में विक्रिया धारी मुनि कितने थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में तेरह हजार विक्रिया धारी मुनि थे।

प्रश्न 1516. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितने विपुलमति ज्ञानी मुनि थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में सात हजार विपुलमति ज्ञानी मुनि थे।

प्रश्न 1517. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में वादी मुनि कितने थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में छह हजार छह सौ वादी मुनिथे।

प्रश्न 1518. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितनी आर्यिकायें थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में तीन लाख अस्सी हजार आर्यिकायें थी।

प्रश्न 1519. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण की प्रमुख आर्यिका कौन थीं ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण की श्री घोषा नाम की आर्यिका प्रमुख थी।

प्रश्न 1520. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितने श्रावक थे ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में दो लाख श्रावक थे।

प्रश्न 1521. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में कितनी श्राविकायें थीं ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में चार लाख श्राविकायें थीं।

प्रश्न 1522. श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम क्या था।

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के समोशरण में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम राजा श्री सोम प्रभ था।

प्रश्न 1523. श्री पुष्पदंत जी भगवान को मोक्ष कौन सी तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को मोक्ष भादों शुक्ला अष्टमी को हुआ।

प्रश्न 1524. श्री पुष्पदंत जी भगवान को मोक्ष किस समय हुआ था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान को मोक्ष अपरान्ह काल में हुआ।

प्रश्न 1525. श्री पुष्पदंत जी भगवान किस आसन से मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान खड्गासन से मोक्ष गये।

प्रश्न 1526. श्री पुष्पदंत जी भगवान किस नक्षत्र में मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान मूल नक्षत्र में मोक्ष गये ?

प्रश्न 1527. श्री पुष्पदंत जी भगवान किस स्थान से मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान श्री सम्मेद शिखर से मोक्ष गये।

प्रश्न 1528. श्री पुष्पदंत जी भगवान किस कूट से मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान सुप्रभ कूट से मोक्ष गये।

प्रश्न 1529. श्री पुष्पदंत जी भगवान कितने मुनियों के साथ मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान एक हजार मुनियों के साथ मोक्ष गये।

प्रश्न 1530. श्री पुष्पदंत जी भगवान का योग निवृत्ति काल कितना था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का योग निवृत्ति काल 1 माह का था।

प्रश्न 1531. श्री पुष्पदंत जी भगवान के अनुबद्ध केवलियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के चौरासी अनुबद्ध केवली थे।

प्रश्न 1532. श्री पुष्पदंत जी भगवान के कितने शिष्यों ने अनुत्तर विमानों में जन्म लिया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के ग्यारह हजार शिष्यों ने अनुत्तर विमानों में जन्म लिया।

प्रश्न 1533. श्री पुष्पदंत जी भगवान के कितने शिष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के एक लाख उन्यासी हजार छह सौ शिष्यों ने मोक्ष को प्राप्त किया।

प्रश्न 1534. श्री पुष्पदंत जी भगवान के कितने शिष्यों ने पहले स्वर्ग से लेकर ग्रैवेयक तक विमानों को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के नौ हजार चार सौ मुनियों ने पहले स्वर्ग से लेकर ग्रैवेयक तक विमानों को प्राप्त किया।

प्रश्न 1535. श्री पुष्पदंत जी भगवान का तीर्थ प्रवर्तन काल कितना था ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान का पाव पल्य कम नौ करोड़ सागर अट्ठाइस पूर्वांग वर्ष तीर्थ प्रवर्तन काल था।

प्रश्न 1536. श्री पुष्पदंत जी भगवान के तीर्थ काल में कितने समय तक धर्मतीर्थ का विच्छेद माना है ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के तीर्थ काल में पाव पल्य काल तक धर्मतीर्थ का विच्छेद माना है।

प्रश्न 1537. श्री पुष्पदंत जी भगवान के मोक्ष जाने के बाद कितने मुनि मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत जी भगवान के मोक्ष जाने के बाद 18 कोड़ा कोड़ी 42 करोड़ 23 लाख 42905 मुनि मोक्ष गये।

प्रश्न 1538. धर्म तीर्थ विच्छेद में क्या होता है ?

उत्तर– उस काल में चतुर्विध (मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका) संघ नहीं होता है।

10

भगवान श्री शीतलनाथ जी

प्रश्न 1539. दसवें तीर्थंकर का नाम क्या है ?

उत्तर– दसवें तीर्थंकर का नाम श्री शीतलनाथ भगवान है।

प्रश्न 1540. श्री शीतलनाथ भगवान को किस चिन्ह् से जाना जाता है ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को कल्पवृक्ष चिन्ह से जाना जाता है।

प्रश्न 1541. श्री शीतलनाथ भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध कौन सी पर्याय में किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध पद्मगुल्म की पर्याय में किया।

प्रश्न 1542. श्री शीतलनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता सर्वजानंद थे।

प्रश्न 1543. श्री शीतलनाथ भगवान के पूर्व भव के दीक्षा गुरु कौन थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के पूर्व भव के दीक्षा गुरु उभयानंद थे।

प्रश्न 1544. श्री शीतलनाथ भगवान की पूर्व पर्याय का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का पूर्व पर्याय का नाम पद्मगुल्म था।

प्रश्न 1545. श्री पद्मगुल्म किस देश के राजा थे ?

उत्तर– श्री पद्मगुल्म वत्सा देश के राजा थे।

प्रश्न 1546. श्री पद्मगुल्म किस नगरी के राजा थे ?

उत्तर– श्री पद्मगुल्म सुसीमा नामक नगरी के राजा थे।

प्रश्न 1547. सुसीमा नगर कहाँ स्थित हैं ?

उत्तर– सुसीमा नगर पूर्व पुष्करार्ध द्वीप में पूर्वी विदेह क्षेत्र में स्थित है।

प्रश्न 1548. श्री शीतलनाथ भगवान के पिता का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के पिता का नाम राजा श्री दृढ़रथ था।

प्रश्न 1549. श्री शीतलनाथ भगवान की माता का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की माता का नाम रानी सुनंदा देवी था।

प्रश्न 1550. श्री शीतलनाथ भगवान के वंश का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का इक्ष्वाकु वंश था।

प्रश्न 1551. श्री शीतलनाथ भगवान कहाँ से गर्भ में आये ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान अच्युत स्वर्ग से गर्भ में आये।

प्रश्न 1552. श्री शीतलनाथ भगवान की पूर्व भव की देव आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की पूर्व भव की देव आयु 22 सागर थी।

प्रश्न 1553. श्री शीतलनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक कौन-सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक चैत्र कृष्णा अष्टमी को हुआ था।

प्रश्न 1554. श्री पुष्पदंत भगवान से कितने साल बाद शीतलनाथ भगवान हुये ?

उत्तर– श्री पुष्पदंत भगवान के मोक्ष जाने के सौ सागर बाद श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म हुआ।

प्रश्न 1555. श्री शीतलनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1556. श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म किस नगरी में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म भद्रिलपुर नगरी में हुआ था।

प्रश्न 1557. श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म कौन सी तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म माघ कृष्णा द्वादशी को हुआ था।

प्रश्न 1558. श्री शीतलनाथ भगवान की जन्म राशि कौन सी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की जन्म राशि धनु थी।

प्रश्न 1559. श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म किस नक्षत्र में हुआ था।

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का जन्म पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1560. श्री शीतलनाथ भगवान की आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की आयु एक लाख पूर्व वर्ष की थी।

प्रश्न 1561. श्री शीतलनाथ भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का कुमार काल पच्चीस हजार पूर्व वर्ष का था।

प्रश्न 1562. श्री शीतलनाथ भगवान के शरीर की ऊँचाई कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शरीर की ऊँचाई नब्बे धनुष थी।

प्रश्न 1563. श्री शीतलनाथ भगवान के शरीर का वर्ण कैसा था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शरीर का स्वर्ण वर्ण था।

प्रश्न 1564. श्री शीतलनाथ भगवान का राज्य काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का राज्य काल पचास हजार पूर्व वर्ष का था।

प्रश्न 1565. श्री शीतलनाथ भगवान को कैसे वैराग्य हुआ ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को हिम माने ओस का नाश देखकर वैराग्य हुआ।

प्रश्न 1566. श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा कौन सी तिथि को हुई ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा माघ कृष्णा द्वादशी को हुई।

प्रश्न 1567. श्री शीतलनाथ भगवान ने दीक्षा कौन से नक्षत्र में ली ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने दीक्षा मूल नक्षत्र में ली।

प्रश्न 1568. श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा पालकी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा पालकी का नाम शुक्रप्रभा था।

प्रश्न 1569. श्री शीतलनाथ भगवान ने कौन से वन में दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने सहेतुक वन में दीक्षा ली।

प्रश्न 1570. श्री शीतलनाथ भगवान के पुत्र का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के पुत्र का नाम निदान था।

प्रश्न 1571. श्री शीतलनाथ भगवान ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने एक हजार राजाओं के साथ दीक्षा ली।

प्रश्न 1572. श्री शीतलनाथ भगवान के दीक्षा उपवासों की संख्या कितनी हैं ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के दीक्षा उपवासों की संख्या दो है।

प्रश्न 1573. श्री शीतलनाथ भगवान ने किस वृक्ष के नीचे दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने बेलवृक्ष के नीचे दीक्षा ली।

प्रश्न 1574. श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा कौन से नगर में हुई थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा भद्रिल पुर नगर में हुई थी।

प्रश्न 1575. श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा किस समय हुई ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान की दीक्षा अपरान्ह काल में हुई थी।

प्रश्न 1576. श्री शीतलनाथ भगवान का प्रथम आहार किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का प्रथम आहार अरिष्टपुर नगर में हुआ।

प्रश्न 1577. श्री शीतलनाथ भगवान को प्रथम आहार दान किसने दिया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को प्रथम आहार दान राजा श्री पुनर्वसु ने दिया।

प्रश्न 1578. श्री शीतलनाथ भगवान ने किस वस्तु का आहार किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने खीर का आहार लिया।

प्रश्न 1579. श्री शीतलनाथ भगवान ने कितने वर्षों तक तप किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान तीन वर्ष तक तप किया।

प्रश्न 1580. श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान कौन सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान पौष कृष्णा चतुर्दशी को हुआ था।

प्रश्न 1581. श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1582. श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान किस वन में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान सहेतुक वन में हुआ था।

प्रश्न 1583. श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान किस समय हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान अपरान्ह काल में हुआ था।

प्रश्न 1584. श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को केवलज्ञान धूलीपलाश वृक्ष के नीचे हुआ था।

प्रश्न 1585. श्री शीतलनाथ भगवान का समोशरण कितना विस्तरित था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का समोशरण साढ़े सात योजन विस्तरित था।

प्रश्न 1586. श्री शीतलनाथ भगवान का केवली काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का केवली काल पच्चीस हजार पूर्व में तीन वर्ष कम था।

प्रश्न 1587. श्री शीतलनाथ भगवान के शासन यक्ष का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन यक्ष का नाम ब्रह्मेश्वर देव था।

प्रश्न 1588. श्री शीतलनाथ भगवान की शासन देवी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन देवी का नाम मानषी था।

प्रश्न 1589. श्री शीतलनाथ भगवान के शासन से संबंधित क्षेत्रपालों के नाम क्या हैं ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन से संबंधित क्षेत्रपालों के नाम – 1. श्री शतवीर्य, 2. श्री महावीर्य, 3. श्री बल वीर्य, 4. श्री कार्तिवीर्य जी हैं।

प्रश्न 1590. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने गणधर थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में सतासी गणधर थे।

प्रश्न 1591. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख गणधर कौन थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख गणधर श्री कुंथु जी थे।

प्रश्न 1592. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कुल कितने ऋषि थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में एक लाख ऋषि थे।

प्रश्न 1593. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में पूर्वधर मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में पूर्वधर मुनियों की संख्या एक हजार चार सौ थी।

प्रश्न 1594. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने शिक्षक मुनि थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में उनसठ हजार दो सौ शिक्षक मुनि थे।

प्रश्न 1595. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने अवधिज्ञानी मुनि थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में सात हजार दो सौ अवधि ज्ञानी मुनि थे।

प्रश्न 1596. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने केवली थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में सात हजार केवली थे।

प्रश्न 1597. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने विक्रिया धारी मुनि थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में बारह हजार विक्रिया धारी मुनि थे।

प्रश्न 1598. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में विपुलमति ज्ञान धारक मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में सात हजार पाँच सौ विपुलमति ज्ञान धारक मुनि थे।

प्रश्न 1599. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में वादी मुनियों की संख्या कितनी थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में पांच हजार सात सौ वादी मुनि थे।

प्रश्न 1600. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितनी आर्यिकाये थीं ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में तीन लाख अस्सी हजार आर्यिकायें थी।

प्रश्न 1601. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण की प्रमुख आर्यिका कौन थीं ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण की प्रमुख आर्यिका श्री धारणी थीं।

प्रश्न 1602. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितने श्रावक थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण दो लाख श्रावक थे।

प्रश्न 1603. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में कितनी श्राविकायें थी ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में चार लाख श्राविकायें थी।

प्रश्न 1604. श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष कौन सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष आश्विन शुक्ला अष्टमी को हुआ था।

प्रश्न 1605. श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1606. श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष किस समय हुआ था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान को मोक्ष पूर्वान्ह् काल में हुआ था।

प्रश्न 1607. श्री शीतलनाथ भगवान ने मोक्ष कहाँ से किस आसन से प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने मोक्ष श्री सम्मेद शिखर से खड्गासन से प्राप्त किया।

प्रश्न 1608. श्री शीतलनाथ भगवान ने मोक्ष कौन से कूट से प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने मोक्ष विद्युत कूट से प्राप्त किया।

प्रश्न 1609. श्री शीतलनाथ भगवान ने कितने मुनियों के साथ मोक्ष प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान ने एक हजार मुनियों के साथ मोक्ष प्राप्त किया।

प्रश्न 1610. श्री शीतलनाथ भगवान का योगनिवृत्ति काल कितना था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का योगनिवृत्ति काल एक माह था।

प्रश्न 1611. श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम अविचल राजा था।

प्रश्न 1612. श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता कौन थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता श्री मंदर जी थे।

प्रश्न 1613. श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में कौन से रुद्र हुये ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में वैश्वानर नाम के रुद्र हुए।

प्रश्न 1614. श्री शीतलनाथ भगवान के कितने अनुबद्ध केवली थे ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान चौरासी अनुबद्ध केवली थे।

प्रश्न 1615. श्री शीतलनाथ भगवान के कितने शिष्यों ने अनुत्तर विमानों में जन्म लिया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के ग्यारह हजार शिष्यों ने अनुत्तर विमानों में जन्म लिया।

प्रश्न 1616. श्री शीतलनाथ भगवान के कितने शिष्यों ने मुक्ति को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के अस्सी हजार छह सौ शिष्यों ने मुक्ति को प्राप्त किया।

प्रश्न 1617. श्री शीतलनाथ भगवान के कितने शिष्यों ने पहले स्वर्ग से ग्रैवेयक तक के स्वर्गों को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के आठ हजार चार सौ शिष्यों ने पहले स्वर्ग से ग्रैवेयक तक के स्वर्गों को प्राप्त किया।

प्रश्न 1618. श्री शीतलनाथ भगवान का तीर्थ प्रवर्तन काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान का तीर्थ प्रवर्तन काल एक करोड़ सागर में से सौ सागर आधा पल्य छियासठ लाख छब्बीस हजार कम पच्चीस हजार पूर्व वर्षों का तीर्थ प्रर्वतन काल था।

प्रश्न 1619. श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में धर्म तीर्थ का विच्छेदन कितने काल तक रहा ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के शासन काल में आधापल्य काल की धर्म तीर्थ की व्युच्छिति हुई।

प्रश्न 1620. श्री शीतलनाथ भगवान के मोक्ष जाने के बाद कितने मुनि मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के मोक्ष जाने के बाद 96 कोड़ा-कोड़ी 969645542 मुनि मोक्ष गये।

11

भगवान श्री श्रेयांस नाथ जी

प्रश्न 1621. ग्यारहवें तीर्थंकर का नाम क्या है ?

उत्तर– ग्यारहवें तीर्थंकर का नाम श्री श्रेयांस नाथ भगवान जी है।

प्रश्न 1622. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की पूर्व पर्याय का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान पूर्व पर्याय में श्री नीलप्रभ नाम के राजा थे।

प्रश्न 1623. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध कौन सी पर्याय में किया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध नलिनप्रभ की पर्याय में किया।

प्रश्न 1624. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम नित्यानंद था।

प्रश्न 1625. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पूर्व भव के दीक्षा गुरु कौन थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पूर्व भव दीक्षा गुरु बज्रदत्त थे।

प्रश्न 1626. श्री नीलप्रभ कहाँ के राजा थे ?

उत्तर– श्री नील प्रभ क्षेमपुर नगर के राजा थे।

प्रश्न 1627. श्री नील प्रभ किस देश के राजा थे ?

उत्तर– श्री नील प्रभ सुकच्छ देश के राजा थे।

प्रश्न 1628. क्षेमपुर नगर कहाँ है ?

उत्तर– क्षेमपुर नगर पूर्व पुष्करवर द्वीप के विदेह क्षेत्र में है।

प्रश्न 1629. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पिता का नाम श्री विष्णु राज था।

प्रश्न 1630. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की माता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की माता का नाम वेणु देवी (सुनंदा) नाम था।

प्रश्न 1631. श्री श्रेयांस नाथ भगवान कहाँ से गर्भ में आये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान पुष्पोत्तर नाम के विमान से गर्भ में आये।

प्रश्न 1632. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की पूर्व भव की देव आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की पूर्व भव की देव आयु 22 सागर थी।

प्रश्न 1633. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के गर्भ कल्याणक की कौन सी तिथि थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के गर्भ कल्याणक की तिथि ज्येष्ठ कृष्णा छट थी।

प्रश्न 1634. श्री श्रेयांस नाथ भगवान कौन से नक्षत्र में गर्भ में आये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान श्रवण नक्षत्र में गर्भ में आये।

प्रश्न 1635. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने किस स्थान पर जन्म लिया था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने सिंहपुर नगर में जन्म लिया था।

प्रश्न 1636. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का जन्म कल्याणक किस तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का जन्म कल्याणक फाल्गुन कृष्णा एकादशी को हुआ था।

प्रश्न 1637. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने कौन से नक्षत्र में जन्म लिया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने श्रवण नक्षत्र में जन्म लिया।

प्रश्न 1638. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने कौन से वंश में जन्म लिया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने इक्ष्वाकु वंश में जन्म लिया।

प्रश्न 1639. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की जन्म राशि कौन सी थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की जन्म राशि मकर थी।

प्रश्न 1640. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की आयु चौरासी लाख वर्ष की थी।

प्रश्न 1641. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था।

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का कुमार काल इक्कीस लाख वर्ष का था।

प्रश्न 1642. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शरीर की ऊँचाई कितनी थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शरीर की ऊँचाई अस्सी धनुष थी।

प्रश्न 1643. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का वर्ण कैसा था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान स्वर्ण वर्ण के थे।

प्रश्न 1644. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का चिन्ह कौन सा है ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का गैंडा चिन्ह है।

प्रश्न 1645. श्री शीतलनाथ भगवान के मोक्ष जाने के कितने समय बाद श्री श्रेयांस नाथ भगवान हुए ?

उत्तर– श्री शीतलनाथ भगवान के मोक्ष जाने के एक सौ एक सागर छयासठ लाख छब्बीस हजार वर्ष कम, वर्ष बीत जाने पर श्री श्रेयांस नाथ भगवान हुए।

प्रश्न 1646. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के नाम की सार्थकता क्या हैं ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की श्रेयो अर्थात् मोक्ष मार्ग को बतलाने वाले ऐसे ईश्वर श्रेयांस नाथ सार्थक हैं।

प्रश्न 1647. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने कितने समय तक राज्य किया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने ब्यालिस लाख वर्ष तक राज्य किया।

प्रश्न 1648. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को वैराग्य कैसे हुआ ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को बसंत लक्ष्मी का नाश देखकर वैराग्य हुआ ?

प्रश्न 1649. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा कौन सी तिथि को ली ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा फाल्गुन कृष्णा एकादशी को ली।

प्रश्न 1650. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा कौन से नक्षत्र में ली ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा श्रवण नक्षत्र में ली।

प्रश्न 1651. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा कौन से वन में हुई थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा मनोहर वन में हुई थी।

प्रश्न 1652. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा कौन से नगर में हुई थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा सिंहपुर नगर में हुई थी।

प्रश्न 1653. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पुत्र का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पुत्र का नाम श्री श्रेयस्कर था।

प्रश्न 1654. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा पालकी का क्या नाम था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की दीक्षा पालकी का नाम विमल प्रभा था।

प्रश्न 1655. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने एक हजार राजाओं के साथ दीक्षा ली।

प्रश्न 1656. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा किस समय ली ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा पूर्वान्ह काल में ली।

प्रश्न 1657. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने किस वृक्ष के नीचे दीक्षा ली ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने तेंदू वृक्ष के नीचे दीक्षा ली।

प्रश्न 1658. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा के समय कितने उपवास किये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दीक्षा के समय दो उपवास किये।

प्रश्न 1659. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने कितने समय तक तप किया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने दो वर्ष तक तप किया।

प्रश्न 1660. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का प्रथम आहार किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का प्रथम आहार सिद्धार्थ नगर में हुआ था।

प्रश्न 1661. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को प्रथम आहार किसने दिया था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को प्रथम आहार नंद राजा ने दिया था।

प्रश्न 1662. श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने किस वस्तु का आहार लिया था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान ने खीर का आहार लिया था।

प्रश्न 1663. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान किस तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान माघ कृष्णा अमावस को हुआ था।

प्रश्न 1664. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान किस वन में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान मनोहर वन में हुआ था।

प्रश्न 1665. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान किस नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान श्रवण नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1666. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान तेंदुवृक्ष के नीचे हुआ था।

प्रश्न 1667. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का केवली काल कितने वर्ष का था।

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का केवली काल बीस लाख निन्यानवे हजार नौ सौ अठानवे वर्ष का था।

प्रश्न 1668. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का समोशरण कितना विस्तरित था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का समोशरण सात योजन का था।

प्रश्न 1669. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शासन यक्ष का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शासन यक्ष का नाम कुमार यक्ष (ईश्वर यक्षराट) था।

प्रश्न 1670. श्री श्रेयांस नाथ भगवान की शासन देवी का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान की शासन देवी का नाम गौरी देवी (महाकाली देवी) था।

प्रश्न 1671. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के क्षेत्रपाल देवों के नाम क्या थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के क्षेत्रपाल देवों के नाम – 1. श्री तीर्थरूचि, 2. भावरूचि, 3. श्री भव्यरूचि, 4. श्री शांतरूचि थे।

प्रश्न 1672. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने गणधर थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में सत्तर गणधर थे।

प्रश्न 1673. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के प्रमुख गणधर का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के प्रमुख गणधर का नाम धर्म था।

प्रश्न 1674. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने ऋषि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में चौरासी हजार ऋषि थे।

प्रश्न 1675. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को केवलज्ञान सिंहपुर नगर में हुआ था।

प्रश्न 1676. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने पूर्वधर मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयास नाथ भगवान में समोशरण में एक हजार तीन सौ पूर्वधर मुनि थे।

प्रश्न 1677. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने शिक्षक मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में अड़तालिस हजार दो सौ शिक्षक मुनि थे।

प्रश्न 1678. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के कितने अवधि ज्ञानी मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयास नाथ भगवान के छह हजार अवधि ज्ञानी मुनि थे।

प्रश्न 1679. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने केवली थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में छह हजार पांच सौ केवली थे।

प्रश्न 1680. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने विक्रिया धारी मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में ग्यारह हजार विक्रिया धारी मुनि थे।

प्रश्न 1681. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने विपुलमति ज्ञान के धारक मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में छह हजार विपुल मति ज्ञान धारी मुनि थे।

प्रश्न 1682. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने वादी मुनि थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में पांच हजार वादी मुनि थे।

प्रश्न 1683. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितनी आर्यिकायें थीं ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में एक लाख तीस हजार आर्यिकायें थीं।

प्रश्न 1684. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख आर्यिका कौन थी ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख आर्यिका चारणा नाम की थी।

प्रश्न 1685. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितने श्रावक थे ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में दो लाख श्रावक थे।

प्रश्न 1686. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में कितनी श्राविका थीं ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के समोशरण में चार लाख श्राविका थीं।

प्रश्न 1687. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष कौन सी तिथि में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष श्रावण शुक्ला पूर्णमासी को हुआ था।

प्रश्न 1688. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष किस समय, किस आसन से हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष पूर्वान्ह काल में खड्गासन से हुआ था।

प्रश्न 1689. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष धनिष्ठा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1690. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष कौन से स्थान पर हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष श्री सम्मेद शिखर पर हुआ था।

प्रश्न 1691. श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष कौन से कूट से हुआ था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान को मोक्ष संकुल कुट से हुआ था।

प्रश्न 1692. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के शासन काल में चतुर्विध संघ को यात्रा कराने वाले संघ पति का नाम राजा श्री आनंद सेन था।

प्रश्न 1693. श्री श्रेयांस नाथ भगवान कितने मुनियों के साथ मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान एक हजार मुनियों के साथ मोक्ष गये।

प्रश्न 1694. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का योग निवृत्ति काल कितना था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का योग निवृत्ति काल एक माह था।

प्रश्न 1695. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के कितने अनुबद्ध केवली हुए ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के बहात्तर अनुबद्ध केवली हुए।

प्रश्न 1696. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के कितने शिष्यों ने अनुत्तर विमानों को प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के ग्यारह हजार शिष्यों ने अनुत्तर विमानों को प्राप्त किया।

प्रश्न 1697. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के कितने शिष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के पैंसठ हजार छह सौ शिष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया।

प्रश्न 1698. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के कितने मुनि पहले स्वर्ग से ग्रैयेवयक तक गये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के सात हजार चार सौ शिष्य पहले स्वर्ग से ग्रैवेयक तक गये।

प्रश्न 1699. श्री श्रेयांस नाथ भगवान का तीर्थप्रवर्तन काल कितने वर्षों का था ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान का चौवन सागर इक्कीस लाख वर्षों में पौन पल्य कम वर्ष तक तीर्थ प्रवर्तन काल रहा।

प्रश्न 1700. पोन पल्य कम क्यों कहा ?

उत्तर– क्योंकि पोन पल्य काल में धर्म तीर्थ की व्युच्छित्ति रही।

प्रश्न 1701. श्री श्रेयांस नाथ भगवान के मोक्ष जाने के बाद कितने मुनि मोक्ष गये ?

उत्तर– श्री श्रेयांस नाथ भगवान के मोक्ष जाने के बाद 706006742 मुनि मोक्ष गये।

12

भगवान श्री वासुपूज्य जी

प्रश्न 1702. बारहवें तीर्थंकर का नाम क्या है ?

उत्तर– बारहवें तीर्थंकर का नाम श्री वासुपूज्य भगवान जी है।

प्रश्न 1703. श्री वासुपूज्य भगवान की क्या विशेषता है ?

उत्तर– ये पहले बालब्रह्मचारी तीर्थंकर हैं तथा इनके पांचों कल्याणक एक ही स्थान चंपापुर में हुए हैं।

प्रश्न 1704. श्री वासुपूज्य भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध कौन सी पर्याय में किया ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध पद्मोत्तर की पर्याय में किया।

प्रश्न 1705. श्री वासुपूज्य भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम बज्रदंत्त था।

प्रश्न 1706. श्री वासुपूज्य भगवान के पूर्व भव के दीक्षा गुरु कौन थे ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान के पूर्व भव के दीक्षा गुरु बज्रनाभि थे।

प्रश्न 1707. श्री वासुपूज्य भगवान की पूर्व पर्याय का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान की पूर्व पर्याय का नाम राजा श्री पद्मोत्तर जी था।

प्रश्न 1708. राजा पद्मात्तर कौन से देश के राजा थे ?

उत्तर– राजा पद्मात्तर पूर्व पूष्कारार्ध द्वीप में वत्सकावती देश के राजा थे।

प्रश्न 1709. श्री पद्मोत्तर किस नगर के राजा थे ?

उत्तर– श्री पद्मोत्तर रत्नपुर नगर के राजा थे।

प्रश्न 1710. श्री पद्मोत्तर राजा के पुत्र का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री पद्मोत्तर राजा के पुत्र का नाम श्री धनमित्र था।

प्रश्न 1711. श्री वासुपूज्य भगवान के पिता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान के पिता का नाम राजा वसूपूज्य था।

प्रश्न 1712. श्री वासुपूज्य भगवान की माता का नाम क्या था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान की माता का नाम जयावती (विजया) था।

प्रश्न 1713. श्री वासुपूज्य भगवान का गर्भकल्याणक कौन सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान का गर्भकल्याणक अषाढ़ कृष्णा षष्ठी को हुआ था।

प्रश्न 1714. श्री वासुपूज्य भगवान कौन से नक्षत्र में गर्भ में आये ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान शतभिषा नक्षत्र में गर्भ में आये।

प्रश्न 1715. श्री वासुपूज्य भगवान कहाँ से गर्भ में आये ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान महाशुक्र स्वर्ग से गर्भ में आये।

प्रश्न 1716. श्री वासुपूज्य भगवान की पूर्व भव की देव आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान की पूर्व भव की देव आयु 16 सागर थी।

प्रश्न 1717. श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म किस नगर में हुआ था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म चम्पापुर नगर में हुआ था।

प्रश्न 1718. श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म कौन सी तिथि को हुआ था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म फाल्गुन कृष्णा चतुर्दशी को हुआ था।

प्रश्न 1719. श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म कल्याणक कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म कल्याणक विशाखा नक्षत्र में हुआ था।

प्रश्न 1720. श्री वासुपूज्य भगवान की जन्म राशि कौन-सी थी ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान की जन्म राशि कुंभ थी।

प्रश्न 1721. श्री वासुपूज्य भगवान ने कौन से वंश में जन्म लिया था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान ने इक्ष्वाकु वंश में जन्म लिया था।

प्रश्न 1722. श्री वासुपूज्य भगवान को कौन से चिन्ह से जाना जाता है ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान को भैंसा चिन्ह से जाना जाता है ?

प्रश्न 1723. श्री वासुपूज्य भगवान की आयु कितनी थी ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान की आयु बहत्तर लाख वर्ष की थी।

प्रश्न 1724. श्री वासुपूज्य भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान का कुमार काल अठारह लाख वर्ष का था।

प्रश्न 1725. श्री वासुपूज्य भगवान के शरीर की ऊँचाई कितनी थी ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान के शरीर की ऊँचाई सत्तर धनुष थी।

प्रश्न 1726. श्री वासुपूज्य भगवान के शरीर का रंग कैसा था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान के शरीर का रंग विद्रुम या (केशर के समान वर्ण) था।

प्रश्न 1727. श्री वासुपूज्य भगवान का राज्य काल कितने वर्ष का था ?

उत्तर– श्री वासुपूज्य भगवान ने राज्य नही किया था।

